# महामैराथन में नाम पंजीकरण के लिए व्यापक समर्थन

## औरंगाबाद में 17 दिसंबर को महामैराथन : ऐतिहासिक शहर के धावकों में उत्साह

औरंगाबाद। 4 नवंबर। लोस सेवा

लोकमत समूह की ओर से 17 दिसंबर को होने वाली 'लोकमत औरंगाबाद महामैराथन' की घोषणा के बाद राज्य भर के धावकों में इस महामैराथन में हिस्सा लेने के लिए आतुरता निर्माण हो गई है. महामैराथन में शामिल होने के लिए नाम पंजीकरण के लिए व्यापक समर्थन मिल रहा है.

निजी और सामूहिक पंजीकरण के लिए भी नागरिक, खिलाड़ी, कंपनी के कर्मचारी और महिलाओं का बड़ी संख्या में रुझान नजर आ रहा है.

इस बार महामैराथन में सुरक्षा बल, होमगार्ड, पुलिस और आरक्षित बल के धावकों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे. गत वर्ष आयोजित लोकमत औरंगाबाद मैराथन में मराठवाड़ा ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र राज्य के बाहर व विदेशी धावकों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया था. इस सफलता के उपरांत लोकमत समूह ने इस वर्ष महाराष्ट्र के चार बड़े शहरों में महामैराथन का आयोजन किया है. इसकी शुरुआत नासिक से हो चुकी है. नासिक के सफल आयोजन के बाद 17 दिसंबर को औरंगाबाद और अगले वर्ष 28 जनवरी को कोल्हापुर व 11 फरवरी को नागपुर में महामैराथन का आयोजन किया जाएगा.

ऐतिहासिक शहर में महामैराथन के सफल और अविस्मरणीय आयोजन के लिए विजेताओं को शहर का नक्शा और पदक प्रदान किए जाएंगे. नासिक में संपन्न हुई महामैराथन के विजेताओं को दिए गए पदक में शहर का नक्शा है. इसी तरह अन्य तीन शहरों में हो रही महामैराथन के विजेताओं को भी पुरस्कार में मिलने वाले मेडल में शहर का नक्शा होगा. चारों शहरों में आयोजित हो रही 'लोकमत महामैराथन' में हिस्सा लेकर विजयी होने वाले धावकों को पुरस्कार स्वरुप दिए गए पदकों को एकत्र कर अपने महाराष्ट्र का नक्शा बनेगा.

### जल्द से जल्द कराएं नाम पंजीकरण

लोकमत समूह की ओर से 17 दिसंबर को होने वाली महामैराथन में हिस्सा लेने के लिए 25 नवंबर तक नाम पंजीकरण करा सकते हैं. नाम पंजीकरण लोकमत भवन, रीगल लॉन, जालना रोड पर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक होगा. इस महामैराथन में स्कूल, महाविद्यालय, कंपनी के कर्मचारी, रनर्स ग्रुप भी हिस्सा ले सकते हैं. इस महामैराथन के लिए अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों और नागरिकों से नाम पंजीकरण कराने का आह्वान आयोजकों की ओर से किया गया है.




Circuit Run

| Run Type | Cities | Invitation Price (Including GST) |
|---|---|---|
| 21K | 3 cities | ₹2520 |
| | 2 cities | ₹1920 |

| Run Type | Cities | Invitation Price (Including GST) |
|---|---|---|
| 10K | 3 cities | ₹2020 |
| | 2 cities | ₹1540 |

इस बार सभी सुरक्षा दल, पुलिस, होमगार्ड और आरक्षित बल के खिलाड़ियों को दिए जाएंगे विशेष पुरस्कार.







### 25 नवंबर से पहले नाम पंजीकरण पर विशेष छूट

| Distance | Regular Fee | Early Bird Fee (Before 15th Nov.) | Registration Fee Includes |
|---|---|---|---|
| 3 KM Family Run 2 Adults + 2 Children (<12) | ₹1200 | ₹960 | Goodie Bag + Medal + Breakfast |
| 5 KM Adult 12+ | ₹600 | ₹480 | T Shirt + Goodie Bag + Medal + Breakfast |
| 10 KM Adult 16+ | ₹950 | ₹760 | T Shirt + Goodie Bag + Certificate + Finisher Medal + Timing Chip + Breakfast |
| 21 KM Adult 18+ | ₹1200 | ₹960 | T Shirt + Goodie Bag + Certificate + Finisher Medal + Timing Chip + Breakfast |
| Defense 21 KM | ₹1200 | ₹800 | T Shirt + Goodie Bag + Certificate + Finisher Medal + Timing Chip + Breakfast |

### लोकमत महामॅरेथॉन

**औरंगाबाद** 17/12/2017

**कोल्हापुर** 28/01/2018 | **नागपुर** 11/02/2018

**स्पर्धा**
- Half Marathon - 21 Kms
- Power Run - 10 Kms
- Fun Run - 5 Kms
- Family Run - 3 Kms



लोकमत समूह की ओर से लगातार दूसरे वर्ष महामैराथन का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन औरंगाबाद के लिए एक उत्सव की तरह है. इसमें अधिक से अधिक नागरिकों को हिस्सा लेना चाहिए.

-अनिल मुनोत



लोकमत समूह द्वारा आयोजित महामैराथन एक प्रशंसनीय आयोजन है. इस आयोजन से औरंगाबाद को औद्योगिक विकास, सुंदर, स्वच्छ व गड्ढा मुक्त शहर का संदेश जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने के लिए इसमें अधिक से अधिक संख्या में नागरिक हिस्सा लें.

-राहुल धूत



लोकमत समूह की ओर से आयोजित हो रही महामैराथन एक अत्यंत प्रशंसनीय आयोजन है. इसके द्वारा महिला सशक्तिकरण और संरक्षण का संदेश समाज में पहुंच सके इसके लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस आयोजन में सहभागी हों.

-राजेश वरगंटवार



लोकमत औरंगाबाद महामैराथन का यह दूसरा वर्ष है. इस तरह के आयोजनों को औरंगाबादवासियों का भरपूर समर्थन मिलता है यह सराहनीय है. हर वर्ष इस तरह के आयोजन होने चाहिए.

-मनोज काला



लोकमत औरंगाबाद महामैराथन में संपूर्ण औरंगाबाद एक साथ दौड़ेगा. एकजुटता के साथ दौड़ने वाले औरंगाबादवासियों को अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल होकर अपनी एकता का परिचय दें.

-मनीष पारेख



लोकमत औरंगाबाद महामैराथन का आयोजन औरंगाबाद शहर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरक आयोजन है और औरंगाबाद के सर्वांगीण विकास के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग इसमें हिस्सा लें.

-महेश लाभशेटवार



लोकमत समूह हमेशा ही समाज की भलाई के लिए सराहनीय आयोजन करता रहा है. लोकमत औरंगाबाद महामैराथन भी इसी तरह का आयोजन है. शहर के नागरिक स्वस्थ्य जीवन और निरोगी काया की संकल्पना के उद्देश्य को लेकर बड़ी संख्या में इस महामैराथन में हिस्सा लें.

-ललित झांबड़

# शराब पिलाकर विवाहिता के साथ सामूहिक बलात्कार

## शेंद्रा के पास टाकली शिवार की घटना; मुख्य आरोपी गिरफ्तार, तीन अन्य फरार, पार्टी मनाने के बहाने किया यौन शोषण

औरंगाबाद। 4 नवंबर। लोस सेवा

दोस्ती का फायदा उठाकर एक युवक ने जन्म दिन मनाने के बहाने एक 22 वर्षीय विवाहिता को रात में दूर खेत में ले जाकर उसे शराब पिलाई और फिर अपने तीन दोस्तों को भी बुलाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया. यह घटना शेंद्रा से कुछ ही दूरी पर टाकली शिवार में 2 नवंबर गुरुवार की रात हुई.

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चिकलथाना ग्रामीण पुलिस ने पीड़ित विवाहिता के मित्र आरोपी अनिल वसंत ठोंबरे (22, निवासी आड़गांव ठोंबरे, तहसील औरंगाबाद) को गिरफ्तार किया है. जबकि उसके तीन अन्य साथियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है.

चिकलथाना के सहायक पुलिस निरीक्षक सत्यजीत ताईतवाले ने बताया कि पीड़ित 22 वर्षीय विवाहिता संतोषीमातानगर मुकुंदवाड़ी में अपने पति, मां, भाई और एक बेटे के साथ रहती है. 2 नवंबर (गुरुवार) की शाम लगभग सात-साढ़े सात बजे वह घर में बैठी हुई थी. तभी उसका पुराना दोस्त अनिल ठोंबरे उसके घर पहुंचा और पीड़िता से कहा कि 'मेरा आज जन्म दिन है, हमें पार्टी मनानी है', इस समय विवाहिता की मां घर में ही सोई हुई थी तथा भाई और बेटा बाहर गए थे और पति भी काम पर गया था. अनिल के कहने पर वह पार्टी में शामिल होने के लिए उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर चली गई. खास बात तो यह है कि उसने इस बारे में घर में मां को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी और चुपचाप चली गई थी.



औरंगाबाद के समीप शेंद्रा से कुछ ही दूरी पर टाकली शिवार में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के घटनास्थल का मुआयना करते हुए पुलिस अधिकारी.

**पहले चाय पिलाई**

मुकुंदवाड़ी से निकलने के बाद अनिल और पीड़िता जालना रोड से झाल्टा गांव के पास पहुंचे, वहां की एक टपरी पर दोनों ने चाय पी और फिर वहीं से मोटरसाइकिल पर बैठकर जालना रोड से शेंद्रा एमआईडीसी की ओर चले गए. शेंद्रा एमआईडीसी से दक्षिण दिशा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से चार-पांच किलोमीटर दूर टाकली शिवार स्थित एक जवार के खेत में पहुंचकर वहां मोटरसाइकिल खड़ी कर बैठ गए.

**..और दुष्कर्म किया**

शराब का नशा चढ़ने के कारण पीड़िता बेचैन हो गई, यह देखकर सभी युवकों ने वहां से कुछ दूर जाकर आपस में कुछ चर्चा की. इसके बाद मित्र अनिल पीड़िता के पास पहुंचा और अश्लील हरकतें करने लगा. इस पर विवाहिता ने विरोध किया तो उसने उसे जोरदार धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और बाद में कपड़े उताकर बलात्कार किया तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी.

अनिल के बाद उसके तीनों शराबी मित्रों ने भी बारी- बारी से पीड़िता के साथ बलात्कार किया. रात लगभग साढ़े दस बजे तक यह चलता रहा, जिससे वह बेहोश हो गई. इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता को मोटरसाइकिल पर बिठाकर यहां चिकलथाना हवाई अड्डे के सामने जालना रोड किनारे स्थित एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ दिया और फरार हो गए. सुबह पीड़िता को होश आया. इस बीच, किसी ने उसे रोड किनारे पड़ा देखकर नियंत्रण कक्ष को फोन किया. पुलिस ने हवाई अड्डे के सामने पहुंचकर पीड़िता को घाटी अस्पताल पहुंचाया.

वहां उसका उपचार कर उसे पूछताछ करने पर मित्र के साथ बर्थडे मनाने के लिए रात में खेत में जाने के बाद सामूहिक बलात्कार का मामला प्रकाश में आया. आरंभ में एमआईडीसी सिडको पुलिस ने इस बाबत पीड़िता का बयान दर्ज कर 'जीरो' से मामला दर्ज किया. लेकिन बलात्कार की घटना टाकली शिवार में होने से यह मामला आगे की जांच के लिए शनिवार की सुबह चिकलथाना ग्रामीण पुलिस को भेज दिया गया .

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डा. आरती सिंह, उपाधीक्षक अशोक आमले के मार्गदर्शन में चिकलथाना के सहायक निरीक्षक सत्यजीत ताईतवाले और उनकी टीम ने चार घंटे के अंदर प्रमुख आरोपी अनिल ठोंबरे को बीड़ बाईपास पर मधुबन होटल के सामने धर-दबोचा. वह अन्य शहर में भागने की तैयारी में था. उससे उसके अन्य साथी के नाम भी पुलिस को पता चले, जिनकी तलाश शुरू कर दी गई है. पुलिस ने घटनास्थल से शराब की बोतलें और इस्तेमाल किए गए कंडोम जब्त किए गए हैं. साथ ही घटनास्थल पर कंडोम के कुछ पैकेट भी मिले हैं.

गौरतलब है कि इससे पहले भी सामूहिक बलात्कार की घटनाएं शहर में हो चुकी हैं.

### तीन दोस्त भी पहुंचे

पीड़िता और उसके मित्र अनिल के साथ खेत में बैठे थे कि उसी समय अनिल के और तीन मित्र मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे, जिनकी उम्र लगभग 22 से 25 थी, जिन्हें पीड़िता पहचानती नहीं थी. तीनों के हाथ में शराब, पानी, कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलें और भोजन था. वहां बैठकर सभी ने शराब का सेवन किया तथा पीड़िता को कोल्ड ड्रिंक्स स्प्राइट पीने को दिया, जिसमें शराब मिलाई गई थी. पीने के बाद सभी ने भोजन भी किया.

### आरोपी शातिर अपराधी, फरार होने की तैयारी में था

अपनी महिला मित्र को जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार करने के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी अनिल ठोंबरे शातिर अपराधी है. उसके खिलाफ अवैध रूप से शराब बेचने को लेकर करमाड़ पुलिस थाने में मामले भी दर्ज है. उसके फरार साथी भी उसके ही गांव के हैं. लेकिन आरोपी अनिल का कहना है कि उसके साथी तीन नहीं बल्कि केवल दो थे, जबकि विवाहिता का कहना था कि अनिल और अन्य तीन थे. पुलिस बताती है कि अब वह दोनों को पकड़ने के बाद ही स्पष्ट होगा कि निश्चित रूप से आरोपी कितने थे. डेढ़ वर्ष पहले इसी प्रकार चिकलथाना से आगे सावंगी-कैम्ब्रिज बाईपास पर बाजरी के खेत में मित्र के साथ घूमने गई एक युवती के साथ दो दूधवालों ने सामूहिक बलात्कार किया था.

# ऑटो रिक्शा और दो बाइक चुराई

## रिक्शा में चाबी छोड़ना महंगा पड़ा

औरंगाबाद। 4 नवंबर। लोस सेवा

चोरों ने दो स्थानों से एक ऑटो रिक्शा और एक ही व्यक्ति की दो मोटरसाइकिलें चुरा ले जाने की घटनाएं सामने आई है, इस बारे में पुलिस में मामले दर्ज किए गए हैं.

गजाननगर गारखेड़ा निवासी विजय विट्ठल बेडवाल ने रोज की तरह अपनी हीरो होंडा मोटरसाइकिल और होंडा एक्टिवा मोपेड रात में घर के सामने खड़ी कर रखी थी.

सुबह सात बजे के पहले किसी ने नकली चाबी से दोनों वाहन चुरा लिए. विजय ने जवाहरनगर पुलिस में शिकायत लिखाई है.

इसी तरह निसर्ग कालोनी भावसिंहपुरा निवासी योगेश बालू नाइक नामक रिक्शा चालक के पास लोडिंग रिक्शा है, जिसके जरिए वह शहर की कुछ दुकानों-होटलों, कार्यालय में शुद्ध पानी के जार रोज पहुंचाता है और खाली जार वापस ले जाने का काम करता है. शुक्रवार शाम 6 बजे नाइक ने बाबा पेट्रोल पंप परिसर के अन्ना के होटल के सामने लोडिंग रिक्शा खड़ा किया और पानी का जार देने गया.

हमेशा की तरह उसने रिक्शा में चाभी लगाए रखी थी. मौका पाकर किसी ने रिक्शा स्टार्ट किया और चुराकर ले गया. इस बारे में अज्ञात चोर के खिलाफ क्रांति चौक पुलिस में मामला दर्ज किया गया है.

**लड़की को भगाया**

मधुबन होटल बीड़ बाईपास परिसर में रहने वाले भगीरथ दत्तात्रय फासाटे ने रोज की तरह शुक्रवार सुबह नौ बजे अपनी भांजी को बंसीलालनगर स्थित ट्यूशन क्लास में छोड़ा और वापस घर लौट गए. इसके बाद उसकी भांजी भी क्लास से बाहर गई, लेकिन वह रात तक वापस नहीं लौटी नहीं तो छानबीन करने पर पता चला कि किसी ने उसे भगाया है. इस बारे में वेदांतनगर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है.

**आरोपियों को हिरासत**

नौकरी लगाने के बहाने दो-दो लाख रुपए वसूल कर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र चरणसिंह पोहाल और सुनील बंसीलाल डोणगांवकर को न्यायालयीन हिरासत में भेजने का आदेश शनिवार, 4 नवंबर को न्यायालय ने दिया है. इस प्रकरण में सरकार की ओर से सहायक सरकारी वकील सैयद शहनाज काम कर रही हैं.

# नौकर ने मालिक को ही लगाया लाख का चूना

औरंगाबाद। 4 नवंबर। लोस सेवा

बैंक में जमा करने के लिए मालिक द्वारा दिए गए नकदी एक लाख रुपए बैंक में जमा करने की बजाय उस रकम का गबन करने वाले नौकर को क्रांति चौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह घटना अमरप्रीत होटल के पास हुई.

**आरोपी गिरफ्तार , 9 तक पुलिस हिरासत**

इस बारे में पुलिस ने बताया कि मनजीतनगर निवासी अक्षत अशोक झुनझुनवाला नामक व्यापारी का अमरप्रीत होटल के पास वाहनों का हरिओम शोरूम है. उनकी इस दुकान में आरोपी प्रदीप श्रीधर कपाटे (निवासी जयभवानीनगर) अकाउंटेंट का काम करता है. कई दिनों से वह पूरा हिसाब-किताब संभाल रहा था. वह अक्षत का विश्वासपात्र नौकर था. 28 अक्तूबर को दिन भर जमा हुई दुकान की रकम एक लाख रुपए अक्षत ने अपने नौकर कपाटे को दी और हमेशा की तरह कहा कि वह रकम एसबीआई की कैश डिपॉजिट मशीन में जाकर जमा करे. यह रकम लेकर शाम 7 बजे कपाटे दुकान से चला गया, लेकिन उसने रकम बैंक की मशीन में जमा नहीं की.

दूसरे दिन जब वह काम पर लौटा तो मालिक ने कपाटे से पूछा कि रुपए जमा करा दिए, तो उसने कहा हां, रुपए जमा करा दिए, लेकिन रसीद नहीं बताई और ना ही मालिक के मोबाइल फोन पर रुपए जमा करने के बारे में कोई संदेश आया. अक्षत ने अपना खाता चेक किया तो उसमें भी रुपए नहीं जमा हुए थे. इसके चलते उनका संदेह बढ़ गया और कपाटे से पूछताछ की तो वह टालमटोल जवाब देकर गुमराह करने लगा. आखिर झुनझुनवाला ने इस बारे में क्रांति चौक पुलिस में शुक्रवार की रात शिकायत लिखाई. पुलिस ने शनिवार को कपाटे को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया. अदालत ने उसे नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है. जमादार मुले इस मामले की जांच कर रहे हैं.


